खबर संक्षेप

बम्हनी कॉलेज में अग्नि वीर योजना की दी गई जानकारी

बम्हनीबंजर। शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर मैं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना तथा कीड़ा विभाग के द्वारा अग्नि वीर योजना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके तहत डॉ. विवेक कुमार जायसवाल कीड़ा अधिकारी ने अग्निवीर योजना के विषय में विस्तूत जानकारी प्रदान करते हुए उद्देश्य के बारे में बताया डॉ.श्रीमती कुंती वराठे ने छात्र-छात्राओं को अग्निवीर चयन प्रक्रिया की जानकारी दी कौन-कौन सी अहर्ताएं अरिजीत करनी पड़ेगी भर्ती प्रक्रिया कैसी होगी की संपूर्ण जानकारी प्रदान की एन एस एस अधिकारी डॉ के पी चंद्रोल ने बताया कि भारतीय सरकार ने तीनों नौसेना की भर्ती के लिए अग्निवीर योजना का प्रारंभ किया है इस भर्ती प्रक्रिया में छात्र-छात्राएं अपनी योग्यता के अनुरूप चयनित होकर महाविद्यालय को गोरवान्वित करेंगे इस हेतु छात्रों को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया प्राचार्य श्रीमती डॉ. श्रीमती करुणा नेम ने कहा कि अग्निवीर केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसमें विद्यार्थी भारतीय सेनाओं में अपनी भागीदारी बढा सकेंगे तथा देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभा सकेंगे इस कार्यक्रम में श्री एस पी झरिया डॉ. रियंका पटेल डॉ.रंजीत कुमार भालेकर डॉ.मनीष कुमार लाजेवर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पत्नि के खातों में डाले लाखों रूपये, कम्प्यूटर ऑपरेटर की करतूत

शिक्षा विभाग में लाखों का घोटाला

*** स्थानीय अधिकारी आंख बंद कर बैठे रहे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

निवास विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सोमवार को वित्त विभाग की टीम ने छापा मारा दो दिन की जांच में ही टीम ने करोड़ों में की गई गबन की राशि का पर्दाफाश किया, जिसमें मुख्य रूप से कार्यालय में अस्थाई कम्प्यूटर ऑपरेटर ने अपनी पत्नी सहित अपने संबंधी महिला के खाते में कई लाखों की राशि ट्रांसफर की है,उक्त गबन के मामले में जिला स्तर के (ट्रेजरी) अधिकारियों की भृष्ट भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता।

संभागायुक्त के निर्देश पर जांच करने पहुंची ज्वाइंट डायरेक्टर ट्रेजरी जबलपुर की 7 सदस्यीय टीम ने दो दिन कार्यालय से भुगतान संबंधित दस्तावेज खंगाले तथा कम्प्यूटर्स पर भी बिल तथा भुगतान आदि की डिटेल्स निकालीं,शुरुआत जांच में लेनदेन में लाखों रुपए की हेराफेरी पाई गई लेकिन दूसरे दिन की पड़ताल में यह गबन की राशि बावन लाख में पहुँच गई।

ज्ञात हो कि वर्ष 2018 से ही उक्त धांधली का कार्य चल रहा था और किसी को भनक तक नहीं लगी, उक्त गबन का खेल पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी नारायण पटैल और आनंद जैन के कार्यकाल का पाया गया है, टीम के सदस्य अलग-अलग मदों से जुड़े लेनदेन के मिलान और उससे जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में जुटी टीम ने पाया कि वर्ष 2020 में मृत कर्मचारियों की मौत संबंधित जानकारी शासन से छुपाकर उनका वेतन भी लगातार निकाला जाता रहा तो वहीं कुछ भृष्ट शिक्षकों से सांठगांठ कर उनके खाते में भी अन्य मदों की लाखों की राशि डालकर उनके खातों को होल्ड कर दिया गया जिसके कारण संबंधित शिक्षक अपना वेतन भी आहरण नहीं कर पाया।

छात्रों की छात्रवृत्ति राशि भी डकार गये कर्मचारी

शासकीय राशि की संगठित लूट करने वाले कर्मचारियों ने अन्य मदों की राशि सहित छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति पर भी गिद्ध नजर लगाये रहे और मौका पाते ही छात्रों के हिस्से की राशि भी अपने चहेतों के खातों में ट्रांसफर कर बंदरबांट कर डाली, जांच में आये अधिकारी ने बताया कि सभी जरूरी कार्रवाई करने के बाद हमारे द्वारा जाँच प्रतिवेदन विभाग व पुलिस को दिये जाने के बाद इनकी गिरफ्तारी निश्चित है।

इन शिक्षकों के खातों में डाली गई हेरफेर की राशि

वंदना टेकाम मानिकपुर छात्रावास अधीक्षक, सेवाराम उटिया मनेरी जन शिक्षक, विशम्भर दूबे प्राचार्य मनेरी गडरा, प्रताप मार्को अधीक्षक अमगांव, गेंद सिंग टेकाम थानंगाव शिक्षक , मंगलिया कुंजाम शिक्षक, राधा धुर्वे, मौसमी सिंगरौरे, इनके अलावा और भी नाम सामने आ सकते हैं।

बोलेरो और ट्रक की टक्कर से दो की मौत, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

दिनांक 06.05.2024 को रात्रि 9:00 बजे गांव पोतला से शादी में जा रहे लोग जो कि करीबन 9 बजे बोलेरो क्रमांक एमपी 04 बीए 8456 से जंगलिया शादी में जा रहे थे कूड़ा मैली के पास उसे उत्सव ढाबा के समीप जबलपुर से आ रहा ट्रक क्रमांक एमपी 19 एचए 5179 तेज रफ्तार के कारण दोनों की टक्कर होने से दो लोगों की मौत हो गई जिसमें रोशन पिता के गेंद लाल जाति गौड उम्र 24 वर्ष निवासी बीजेगांव पोतला दूसरा मृतक बाबूराम पिता हेमंत भारतीय जाति वेगा उम्र 28 मझगांव पोतला जो कि पोतला निवासी बताया गया बाकी घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जिसमें शिव प्रसाद पिता हीरा सिंह मरावी उम्र 32 वर्ष टिकरिया लोटन पिता चेतराम मरकाम उम्र 30 वर्ष निवासी विजय गांव पारस पिता ओंकार अमृतसर ग्राम विजय गांव धर्मेंद्र प्रताप विष्णु मरावी उम्र 25 वर्ष निवासी विजय गांव सुरेश पिता जगदीश उम्र 18 वर्ष ग्राम सलैया के निवासी थे इन सभी घायलों में से एक घायल सुरेश पिता जगदीश उम्र 18 वर्ष सलैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में इलाज के लिए वापस लाया गया है प्रार्थी गेंदालाल पिता मोहन उम्र 50 वर्ष निवासी विजय का पोतला ने रिपोर्ट दर्ज कराई ट्रक चालक के ऊपर अपराध क्रमांक 93/24 धारा 304 ए 279 337 आईपीसी 184 मोटर एक्ट ट्रक चालक के ऊपर लगाया गया ट्रक चालक मौके से ही फरार हो गया था जिसकी तलाश की जा रही है शेष पांच लोगों को इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में किया जा रहा है इसमें थाना टिकरिया के थाना प्रभारी टीआई एस आर जमरा के निर्देशानुसार कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक विसराम कटारे प्रधान आरक्षक 264 शालिग्राम उसके द्वारा ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

आंधी, तूफान, पानी का कहर, एक की मौत, दर्जनों घायल, अस्त-व्यस्त हुई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

पल-पल बदलते मौसम से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है वहीं इसका प्रभाव अब लोगों की जिंदगी पर भी दिखाई देने लगा है कल सुबह जहां तेज गर्मी ने लोगों को हलाकान किया तो वहीं दोपहर बाद से आंधी, तूफान और पानी ने कहर बरपाया। मण्डला के रामनगर क्षेत्र, भुआबिछिया एवं नैनपुर में बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया।

रामनगर में दोपहर को जब तेज हवा चलने लगी तो आंधी-तूफान को देखते हुये व्यापारीगण एवं स्थानीय लोग अपने आपको बचाने एक वृक्ष के नीचे जा खड़े हुये उन्हें क्या पता था कि जिस स्थान को वे सुरक्षित मानकर उसकी शरण में आये हैं वही उनके लिये जानलेवा साबित होने वाला है। आंधी-तूफान के दौरान बिजली भी कड़क रही थी ऐसे में पेड़ों के नीचे खड़ा होना खतरनाक होता है और तेज आंधी-तूफान के चलते वही वृक्ष जड़ से उखड़कर उसकी छांव में खड़े लोगों पर जा गिरा इस घटना में एक महिला की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल बताये जा रहे हैं।

भुआबिछिया में भी कहर

दोपहर 03 बजे के बाद आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश का सिलसिला प्रारंभ हुआ जिससे कहीं बिजली के पोल गिरे तो कहीं पेड़ों की सामत आ गई। बारिश प्रारंभ होते ही जो बिजली गुल हुई तो समाचार लिखे जाने तक नहीं आ पाई थी बारिश इतनी तेज थी कि बारिश का पानी लोगों के घरों के अंदर प्रवेश कर गया और गृहस्थी के सामान को नुकसान पहुंचाया पेड़ों के गिरने से भी हानि बताई जा रही है जिसका स्पष्ट ब्यौरा नहीं मिल पा रहा है बिजली विभाग को गड़बड़ी ढूंढने में काफी मशक्कत करना पड़ रही है जब फाल्ट मिलेगा तभी तो सुधार हो पायेगा। अचानक मौसम के इस बदलाव ने लोगों को परेशान कर रख दिया।

आग लग जाने से घर का समान एवं दुकान के सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नेशनल हाईवे के पास मैली चौराहा नारायणगंज शनि देव मंदिर के पास किराना एवं गला की दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया यह आज सुबह 9:00 बजे देखी गई थी जिसमें दुकानदार एवं मकान मालिक राजेश यादव पिता सरजू प्रसाद यादव अपने घर में नहीं थे सूने घर में एवं दुकान में आग लगने के से घर की सारा सामान एवं गले की दुकान में रखें नगद राशि एवं दुकान का सामान जलकर राख हो गया है आवेदक द्वारा बताया गया है कि दुकान में नगद राशि 19 लख रुपए करीब और एक लाख की चिल्लर बताया गया है जो की आग लगने से जलकर राख हो गए हैं सुबह जब आग लगने पर उनके पड़ोसी गाना राम स द्वारा पुलिस को सूचित किया गया आवेदक अपना जबलपुर इलाज के लिए गया हुआ था आग लगने का कारण शाट सर्किट बताया जा रहा है जिसकी जांच की जा रही है जांच करने पर भी पता लगाया जा सकता है कि किन कारण से आग लग गई।

अतिक्रमण | करोड़ों की जमींन में हो रहा अतिक्रमण, विभाग की मौन।

शासकीय जमीन में बन रहे अवैध मकान

*** विभाग द्वारा कार्यवाही का दिया जा रहा आश्वासन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला मुख्यालय के नगर मे ही बिझिंया के पास टीसीपीसीकार्यालय में इन दिनों अतिक्रमण कारियों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। अतिक्रमण अधिकांश यहां पर पदस्थ कर्मचारी के साथ सेवा निवृत्त हो चुकें कर्मचारियों ने अपने-अपने पक्के मकान बना लिए हैं यहीं नहीं इस भवन से लगी कीमती जमीन जो मुख्य मार्ग से लगी है यहां पर भी दुकान आदि के नाम पर अतिक्रमण किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं। जबकि यह मामला यह सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को होने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नही हो यही है। जिससे इन अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। जानकारी में हैं अतिक्रमण की शिकायत लगातार की जा रही है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मण्डला की यह सरकारी भूमि पर लगातार अतिक्रमण से लोगों में आक्रोश पनप रहा है पर विभाग हाथ पर हाथ रखे तमाशा देख रहा है।

इस संबंध दो तीन बार सहायक आयुक्त से बात की गई तो उनके द्वारा जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन तो दिया पर क्या कारण है की कार्रवाई नही हो रही, विभागीय सूत्रों की मानें तो सहायक आयुक्त द्वारा जांच दल का गठन तो कर दिया है किन्तु जांच कब तक होगी यह कहा नही जा सकता क्योंकि इसके पूर्व मे भी तत्कालीन सहायक आयुक्त द्वारा यही बात कही थी किन्तु हाल ना निकल पाना संदेह के घेरे मे आता है। जिससे मेन रोड़ से लगी क़ीमत शासकीय जमीन मे कब्जा होते देखा जा रहा है, कुछ लोगों ने तो मेन रोड़ मे टीसीपीसी की जमीन मे दुकानें तैयार कर ली है, या फिर कुछ दूकानों के अन्दर ही अन्दर शासकीय जमीन मे अतिक्रमण कर दूकानों को बड़ा रूप दिया जा रहा है जिसका खुलासा जांच होने के बाद ही हो सकता है।

टीसीपीसी परिसर मे गाजर घास और गंदगी

जहां एक ओर यहां बनें सरकारी भवन भी खंडर हो रहे है और उनके आसपास कब्जा हो रहा है वहीं दूसरी ओर चारों तरफ गाजर घास लहलहाती दिखाई दे रही है, तथा अन्य पेड़ों से यहां जंगल के माफिक दिखाई दे रहा है, गंदगी तो इस कदर फैली हुई है मानो ऐसा लगता है पूरे क्षेत्र का कचरा और मवेशियों की गोवर यही फेका जा रहा हो, जिससे यह प्रतीत होने लगा है की क्या यह बेशकीमती जमीन क्षेत्र के कचरा फेंकने के लिए है। टीसीपीसी के भवन की खिड़की दरवाजे चोरी जाने की जानकारी आ रही है और इसकी बाउंड्री वॉल से मवेशियों का गोवर फेका जा रहा है।

क्षेत्र के लोगों की जिला प्रशासन से मांग है यहां हो रहे कब्जे जल्द हटाया जाये और परिसर की सफाई कर कर विभाग द्वारा आवश्यकता अनुसार यह जमीन का उपयोग शासन के हित किया जाये अन्यथा वह दिन दूर नही की पूरी टीसीपीसी एक दिन इन अतिक्रमणकारियों के कब्जे मे ना आ जाये।

इनका कहना है:-

जांच दल गठित कर दिया गया है, तहसीलदार को जांच हेतु प्रतिवेदन जा चुका, जैसे जांच का प्रतिवेदन आयेगा, तुरंत कार्यवाही कर वहां बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जायेगा, जल्दी वहां शासकीय भवन बनने जा रहा है।
एल एस जगेत
-सहायक आयुक्त, जनजाति कार्य विभाग, मण्डला

कल अभियान के रूप में किया गया स्वास्थ्य तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में मंगलवार को विशेष अभियान के रूप में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों का आकस्मिक भ्रमण किया गया। जिले के सभी विभागों के अधिकारियों ने आज विभागीय कार्यों की मॉनिटरिंग के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में जाकर गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, टीकाकरण तथा दवाईयां वितरण आदि के संबंध में जानकारी ली।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन श्रेयांश कूमट ने घुघरी विकासखंड के लाटो में आरोग्य केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं जनमन आवास, इलाही में आरोग्य केन्द्र एवं आंगनवाड़ी केन्द्र, साल्हेघोरी में आंगनवाड़ी केन्द्र, लाफन में आरोग्य केन्द्र एवं आंगनवाड़ी केन्द्र, सिमरिया में अमृत सरोवर तथा किसली में आरोग्य केन्द्र तथा जनमन आवास का भ्रमण किया। सहायक कलेक्टर आकिप खान ने आंगनवाड़ी केन्द्र भुआ, ईईपीआईयू जीपी पटले ने स्वास्थ्य केन्द्र मुरलापानी, छपरा एवं बबलिया, महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क उषा चौधरी ने स्वास्थ्य केन्द्र मेढ़ा, जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज पुराविया ने स्वास्थ्य केन्द्र बोकर तथा आंगनवाड़ी केन्द्र माधोपुर एवं ककैया, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े ने स्वास्थ्य केन्द्र केहरपुर एवं पेटेगांव का भ्रमण किया। इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों की उपलब्धता तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार वितरण के संबंध में भी जानकारी ली गई।

खबर संक्षेप

रेल लाईन पर मिला अज्ञात युवक का शव

गाडरवारा। रेल विभाग के कर्मचारियों द्वारा जब ग्राम बरांझ से गाडरवारा अप रेलवे ट्रैक बरेली पुलिया के पास एक अज्ञात युवक का शव देखा गया तो इसकी सूचना पुलिस थाना गाडरवारा की दी गई जिसकेचलते पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। वही इस संबंध में पुलिस का कहना है कि अज्ञात युवक के पास किसी भी प्रकार से कोई दस्तावेज नही मिलने के कारण उसकी पहचान नही हो पा रही है। मगर मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच होगी। वही घटना स्थल की स्थिति को देखते हुये यह अनुमान लग रह है कि शायद यह युवक ट्रेन से गिरने के कारण आई चोटों के चलते मौत हुई होगी। इस तरह अज्ञात शव की पहचान के लिये पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है।

ब्राह्मण महासभा ने सौंपा ज्ञापन

गाडरवारा। समीपस्थ करेली शहर के मंदिर में रात के समय गहरी नींद में सो रहे पुजारी की अज्ञात लोगों द्वारा जिस तरह हत्या की गई और दो दिन से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों का पता नही लग पाने के कारण जहां संपूर्ण जिले में इसका विरोध हो रहा है। वही दूसरी ओर इसी के चलते बीते हुये मंगलवार को सर्व ब्राह्मण महासभा तहसील गाडरवारा द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन तहसील कार्यालय में एसडीएम कलावती ब्यारे को सौंपा गया। बताया जाता है कि सौपे गये ज्ञापन में करेली मदार टेकरी के पुजारी की निर्मम हत्या में संलिप्त आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 4 मई रविवार को आस्था के केंद्र मदार टेकरी के मुख्य पुजारी की निर्मम हत्या की खबर से करेली शहर ही नही बल्कि संपूर्ण जिले में डर एवं रोष का माहौल व्याप्त है। वहीं 24 घंटे बीत जाने के बाद भी करेली थाना प्रभारी के आश्वासन के बावजूद आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।सर्व ब्राम्हण सभा द्वारा मांग की जाती है कि घटना की पारदर्शिता पूर्वक शीघ्र जांच कर आरोपी को मृत्युदंड दिया जाए। ताकि भविष्य में ऐसी निंदनीय वारदातों की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन देते समय सर्वब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विप्रजन मौजूद थें। क्योंकि जिले के इतिहास में इस तरह की पहली बार घटना देखने मिली है जब किसी देव स्थल पर इस तरह पुजारी की हत्या की घटना घटित हुई है।

मांस मछली के अवैध कारोबार के चलते नगर में फैल रही गंदगी

गाडरवारा। भले ही नगर पालिका द्वारा मांस मछली विक्रय करने के लिये जगह निर्धारित की गई है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा नगर में जहां तहां खुलेआम मांस मछली का विक्रय करते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते नगर का वातावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचने से नही चूक रही है? इस प्रकार से मांस मछली विक्रय करने वालो की मनमानी पर अंकुश न लग पाना नपा प्रशासन की उदासीन कार्य प्रणाली सहित पुलिस प्रशासन की उदासीनता को भी उजागार करने से नही चूक रही है? जिसके चलते इस प्रकार से नगर में धडल्ले से जहां तहां हो रहे मांस मछली के विक्रय से नगर में गंदगी फैलने के साथ साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचने से भी नही चूक रही है? क्योंकि इस प्रकार से मांस मछली सहित अंडे का व्यापार करने वाले लोगों द्वारा न तो नगर के मंदिरों का ध्यान रखा जा रहा है ।

आखिरकार कुछ दिनों तक चिकित्सालय परिसर की शोभा बढ़ाने वाला

रेडक्रास सोसाईटी का शव वाहन कहां हो गया गायब?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

जब शासन व किसी संस्था द्वारा गरीबों का ध्यान रखते हुए किसी व्यवस्था का शुभारंभ किया जाता है तो निश्चित तौर से क्षेत्र की जनता के साथ साथ गरीब भी इस प्रकार से खुश होते है कि इस शासन की व्यवस्था का उन्हें किसी दिन जरूरत पड़ने पर लाभ जरूर मिलेगा? मगर लोग हैरत में जब पड़ जाते है जब किसी शासकीय व्यवस्था को शुभारंभ होते हुये तो देखी जाती है। मगर जरूरत पड़ने पर वह गायब रहती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये लगभग 6-7 वर्ष पूर्व क्षेत्र में आये हुये रेडक्रास सोसाईटी के शव वाहन की सच्चाई को देखते हुये जान पड़ रही है? जो काफी दिनों तक तो बगैर उपयोग किये हुये ही कबाड़ में तब्दील होने के बाद नगर के शासकीय चिकित्सालय की शोभा बढ़ाते हुये देखा जाता रहा था। मगर अब वहां से भी लोगों की आंखों से ओझल हो चुका है..? वही इस वाहन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब उस वाहन की जरूरत महसूस की जाती है तो वह गायब नजर आता है? बीते हुये तीन साल पहले कोरोना महामारी की दूसरी लहर के दौरान क्षेत्र की स्थिति इस तरह बन गई थी कि जब नगर के शासकीय चिकित्सालय में मौत का मंजर चल रहा था और लोगों को अपने घरों या फिर अन्य जगहो पर शव ले जाने के लिये परेशान होना पड़ रहा था उस दौरान भी यह शव वाहन गायब आ रहा था और वही हाल इस समय भी देखने मिल रहा है। यह बात अलग है कि पहले कुछ दिनों तक यह वाहन शासकीय चिकित्सालय की शोभा बढ़ाने के बाद अखिरकार बगैर उपयोग किये हुये कहा गायब हो गया शायद ही किसी का पता हो..? इस तरह लगभग 6-7 वर्ष पहले नगर में आया हुआ रेडक्रास सोसाईटी के शव वाहन का गायब होना चर्चा का विषय बना हुआ है? ज्ञात हो कि नगर के शासकीय चिकित्सालय में उपचार कराने के लिये आने वाले मरीजों की जब किसी कारणवस मौत हो जाती है तो उनके परिजनों को अपना शव घर ले जाने के लिये काफी परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। जिसमें सबसे अधिक परेशानी तो उन गरीबों को झेलने पड़ती है जिनके पास पैसा का आभाव रहने के दौरान जब अपने परिवार के सदस्य की मौत होने पर यदि उसके शव को अपने घर या फिर गांव ले जाना होता है तो निश्चिह वाहनों के माध्यम से ले जाने के लिये उनके पास कोई राशि नही होती है। इस स्थिति के बीच क्षेत्र के लोगों द्वारा गाडरवारा में शव वाहन की मांग उठाई जा रही थी और इसी मांग को ध्यान में रखते हुये लगभग 7-8 वर्ष पूर्व रेड क्रास सोसाईटी द्वारा 8 जनवरी 2016 को एक शव वाहन उपलब्ध कराया गया था, जिसका लोकापर्ण नगर के विश्राम गृह में तत्काकालीन जिला कलेक्टर नरेश पाल सहित अन्य लोगों द्वारा फीता काटने के साथ साथ हरी झंडी दिखाते हुए किया गया था। मगर यह शव वाहन का लोकापर्ण के समय से ही चर्चाओं का विषय बनने से नही चूक पाया था? क्योंकि रेडक्रास सोसाईटी द्वारा प्रदान किये गये इस शव वाहन के दर्शन नगर के लोगों द्वारा मात्र अखबारों में प्रकाशित हुई फोटों के माध्यम से ही करने के बाद अचानक वाहन के गायब हो जाने के कारण चर्चा का विषय बनते हुये देखा जाने लगा था। बताया जाता है कि लोकापर्ण के बाद काफी समय तक यह शव वाहन जहां एक शासकीय कार्यालय में इस प्रकार से छिपाकर रख दिया गया था जिसके चलते गरीबों को इस वाहन का लाभ मिलने की बात तो दूर से दर्शन मिलना तक दुर्लभ हो चुके था। इस दौरान शायद ही किसी गरीब के उपयोग में आया हो....? क्योंकि आमजन को इस बात की जानकारी ही नही थी कि जरूरत पड़ने पर इस वाहन को कहा से प्राप्त किया जावेगा। मगर जब इस सच्चाई को नगर के पत्रकारों द्वारा लगातार उजागर किया गया था तो संबंधित विभाग से जुडे हुये लोगों द्वारा इस रेडक्रास सोसाईटी के शव वाहन को शासकीय चिकित्सालय परिसर में लाकर खड़ा कर दिया गया था। इस प्रकार से अपने लोकापर्ण से काफी समय तक आमजन की पहुंच से दूर रहे इस शव वाहन की स्थिति इस प्रकार से बन चुकी थी कि वह एक पुराने वाहन का रूप धारण करने में कोई कसर नही छोड़ रहा था? क्योंकि वाहन में अनेक जगहों से हुई टूट फूट वाहन की सच्चाई पर अनेक प्रकार के सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही थी? क्योंकि जब इस शव वाहन आज तक किसी के उपयोग में आया ही नही है और उसकी स्थिति इस तरह कंडम बन गई थी कि वह खुद ही शव के समान नजर आने से नही चूक रहा था? इस तरह लगभग 7-8 साल पहले रेडक्रास सोसाईटी द्वारा प्रदान किया गया है यह शव वाहन कई महिनों तक नगर के शासकीय चिकित्सालय की शोभा बढ़ाते हुये देखे जाने के बाद फिर जिस तरह नजर से ओझल देखा जा रहा है उसके चलते लोगों द्वारा अनेक प्रकार की चर्चाएं करने से नही चूक पा रहे है? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय यदि वह वाहन सुरक्षित स्थिति में होता तो निश्चित तौर यह वाहन क्षेत्र के गरीबों के लिये काफी हद तक मददगार बनने से नही चूकता। क्षेत्रवासियों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की गई है कि कुछ दिनों तक नगर के शासकीय चिकित्सालय परिसर की शोभा बढ़ाते हुये अचानक गायब हो चुके रेडक्रास के शव वाहन की खोज करना चाहिये तथा उसको आमजन के लिये सेवाएं प्रदान कराने के लिये उपलब्ध कराने की जरूरत है। यदि वह शव वाहन आ जाता है तो निश्चित ही क्षेत्र के लोगों को इस वाहन के माध्यम से काफी लाभ मिल सकता है।

शासकीय चिकित्सालय के पास अतिक्रमण को हटाते हुये प्रशासन से सुरक्षित की गई जगह

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर के शासकीय चिकित्सालय के सामने जिस गति से अतिक्रमण फैला हुआ था उसका परिणाम इस तरह से देखने मिल रहा था कि जहां चिकित्सालय में उपचार कराने के लिये जाने वाले महिला मरीजों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता था तो दूसर ओर यहां का यातायात भी काफी हद तक प्रभावित होने से नही चूक पा रहा था। इसी बात को लेकर बीते हुये लम्बे समय से यहां के अतिक्रमण को हटाने के लिये मांग की जा रही थी। क्योंकि स्थिति इस तरह से बनी हुई थी कि यहां पर हुये अतिक्रमण में गरीबों लोगों की रोजी रोटी चलने के जगह इस तरह से प्रभावशाली लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया था जो अपने एक नही बल्कि अनेक टपरे रखे हुये उन्हें दुकानदारों को किराये से देकर अपनी जेबे भरते हुये देखे जा रहे थें और हालत इस तरह बन चुके थें कि शाम के समय यहां पर होने वाली शराब खोरी के कारण जहां महिला मरीज व उनके साथ चिकित्सालय पहुंचने वाले मरीजों इस तरह शराब खोरी करने वालों की हरकतों से सिर्फ परेशान ही नही बल्कि दहशत में दिखाई पड़ने लगे थे। वही दूसरी ओर यहां पर लगी हुई दुकानों पर आने वाले ग्राहकों द्वारा अपनी गाड़ियों को रोड पर ही खड़ा करते हुये खरीददारी करने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना पैदा होने से नही चूक पाती थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुये बीते हुये साल प्रशासन की टीम द्वारा यहां पर फैले हुये अतिक्रमण को हटाते हुये तार फैसिंग करा दी गई थी। मगर अतिक्रमण कारियों द्वारा उस तारी फैसिंग के पीछे ही अपनी दुकाने फिर स्थापित कर लिये जाने के कारण बीते हुये वर्ष प्रशासन की टीम द्वारा इस तरह मनमानी करने वाले अतिक्रमणकारियों की दुकानों सहित टपरों पर मशीन चलाते हुये उन्हंस हटाने की कार्यवाही की गई। निश्चित तौर से यहां से अतिक्रमण हटाने के कारण जहां यहां के यातायात में सुधार देखने मिलेगा तो दूसरी ओर चिकित्यालय उपचार कारने के लिये आने जाने वाले मरीजों के दिलों में बैठी हुई दहशत से भी निजात मिलेगी। कुछ इसी प्रकार का हाल इस समय नगर के बीटीआई स्कूल के पास का देखने मिल रहा है जहां पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण से मुक्त की गई जगह पर तार फैसिंग तो कराई गई है मगर इसके बाद भी तार फैसिंग पीछे अनेक दुकानें पुनः लगी हुई नजर आने लगी है। जिसको लेकर नगरवासियों द्वारा शासन प्रशासन से वहां पर पैर पसाराते हुये अतिक्रमण को हटाने की मांग की जा रही है।

अवैध खनन व परिवहन को लेकर अधिकारियों द्वारा जताई जा रही है अनभिज्ञता

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

जहां एक ओर शासन ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा माफियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के आदेश जारी किये जा रहे है तो दूसरी ओर खुलेआम हो रहे शासकीय भूमि के अवैध उतखन्न को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा चुप्पी साधते हुये सच्चाई को नजर अदांज किया जा रहा है वह निश्चित तौर से इन अधिकारियों कार्य प्रणाली को संरक्षण की मुद्रा में आने से नही चूक पा रही है? क्योंकि क्षेत्र में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से लगातार मिट्टी का अवैध खनन करते हुये लोगों द्वारा राजस्व को क्षति पहुंचाते हुये अपनी जेबे भरी जा रही है उसे प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जाना चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है? इस बात की सच्चाई इस समय सालीचौका नही सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है जहां पर भूमाफियों द्वारा खुलेआम शासकीय भूमि से मिट्टी खुदाई कराते हुये जिस प्रकार से इस जहां तहां मौत का कुंआ बनाये जा रहें है उसके चलते क्षेत्रवासियों का भविष्य में खतरा पैदा करने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? बताया जाता है कि सालीचौका क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में सरकारी भूमि सहित कुछ लोगों द्वारा निजी भूमि पर बड़े स्तर से मिट्टी का अवैध खनन करते हुये अन्य जगहों पर ट्रेक्टर ट्रालियों के माध्यम से परिवहन किये जाने के बाद भी अधिकारियों की चुप्पी सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही है? इस तरह शासकीय जमीन पर जेबीसी मशीन के माध्यम से जिस स्तर से मिट्टी की खुदाई करते हुये प्रतिदिन सैकड़ो ट्रेक्टरों के माध्यम से इस मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है उसके चलते जहां तहां मौत के कुंआ नजर आने से नही चूक रहे है। वही स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि मिट्टी खनन वालो द्वारा न तो बिजली लाईनों की सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है और न ही मुख्य मार्गो से लेकर किसानों के खेतों का जिसके चलते बिजली लाईनों के खम्बे भी असुरक्षित दिखाई देने लगे है। इस तरह सालीचौका क्षेत्र में नियम विरूद्व मिट्टी खुदाई कराते हुये कुछ लोगों द्वारा इस मिट्टी का अवैध व्यापार किये जाने की चर्चाए सुनाई पड़ रही है? इस तरह कई फुट गहरी खुदाई करते हुये निकाली जा रही शासकीय सरकारी व निजी भूमि की मिट्टी के चलते जहां क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों सहित पशुओं की जिन्दगी को खतरा पैदा तो हो ही रहा है साथ ही साथ आम लोगों की जिन्दगी भी असुरक्षित दिखाई देने से नही चूक पा रही है? सालीचौका क्षेत्र में चल रहे मिट्टी के अवैध खनन के संबंध में तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों सहित खनिज विभाग के अधिकारियों को इस तरह चल त चल रहे अवैध खनन से अवगत कराते हुये पूछा गया कि आखिरकार इस तरह मिट्टी का अवैध खनन किसकी अनुमति से चल रहा है तो सभी अधिकारियों द्वारा अपनी ओर से अनविज्ञता जाहिर करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? इस तरह धड़ल्ले ये चल रहे मिट्टी के अवैध खनन को लेकर अधिकारियों द्वारा अपनी ओर से अनविज्ञता जाहिर करने से यह बात उजागर होने से नही चूक पा रही है कि यह खुदाई अवैध रूप से चल रही है। मगर इसके बाद कार्यवाही न होना निश्चित तौर से अधिकारियों की भूमिका को कटघरे में खड़ा करने से नही चूक पा रही है? जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि किसी भी प्रकार से सार्वजनिक मुख्य मार्ग के किनारे या फिर शासकीय संस्था के पास मिट्टी खनन करना नियम के विपरीत माना जाता है? मगर इसके बाद भी यहां पर चल रही मिट्टी की खुदाई को लेकर न तो स्थानीय स्तर के अधिकारियों द्वारा रोक लगाई जा रही है और न ही तहसील से लेकर जिला स्तर पर बैठे अधिकारियों द्वारा जिसके चलते मिट्टी खनन होने के चलते खुदाई क्षेत्र बिकराल रूप धारण करते हुये मौत का कुंआ बनने से नही चूक पा रहा है? वही दूसरी ओर अधिसकारियों को इस सच्चाई से अवगत कराये जाने के बाद भी किसी भी प्रकार से इस अवैध खनन पर रोक लगाने संबंधी कार्यवाही न होना चर्चा का विषय बनने के साथ साथ यह सबाल खड़ा करने से नही चूक पा रहा है कि आखिकार इतने बडें स्तर पर मिट्टी का अवैध खनन किसके संरक्षण में चल रहा है ।

विशाल भंडारे के साथ हुआ भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर के बोदरी मार्ग शनि मंदिर के पास एनटीपीसी आडिटोरियम के सामने शहर के नावदेव परिवार द्वारा कराये गये सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का समापन मंगलवार को विशाल भंडारे साथ हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की गई। वही कथा के अंतिम दिन श्री भागवत भगवान की आरती के बाद कथा वाचक महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव सरस्वती महाराज ने भगवान कृष्ण लीला का वर्ण सुनाते हुये कालिया मर्दन, कंस वध , रुक्मणि विवाह एवं सुदामा प्रसंग से जुडी हुई कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान कृष्ण की लीलाएं अदभुत है। भगवान विष्णु के अवतार के रूप में भगवान कृष्ण के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कथा के अंतिम दिवस उन्होंने कहा कि आजकल हम प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे है। दुर्भाग्य का विषय है कि लोगों द्वारा अपने स्वार्थ के लिये गायों के चारागाहो पर अतिक्रमण हो गया है जो कि सर्वथा अनुचित है। लोग अपने घरों में गाय पालने से परहेज करते हुये कुत्तो को पाल रहे है। जिस घर में गाय का वास होता है उस घर में पृथ्वी लोक के सभी देवताओं का पास माना जाता है। मगर जिस तरह लोगों द्वारा अपने घरों में गाय माता को जगह देने के जगह कुत्तों को जगह दे रहे है यही तो कलयुग का उदाहरण है? इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि आजकल दुर्गुणों से युक्त लोग अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए बगुला भक्ति कर रहे है । ऐसे बगुला भक्तों से भगवान बचाये। कथा वाचक महाराज ने भक्ति का महत्त्व बताते हुए कहा कि भक्ति तब तक है जब तक भगवान न मिल जाएं। लोग रुपये पैसों को लक्ष्मी मानते है कि लेकिन उसे शराब, तम्बाकू एवं मांस खरीदने में देते है जो कि अनुचित है। जो धन भगवान के कार्यो एवं सुख देने के कार्य आये उसे ही लक्ष्मी कहना चाहिए। कथा में आगे कहा कि लोगों को यथा संभव दान करना चाहिए ऐसा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। यदि किसी महिला का पति दुष्ट हो लेकिन उसकी पत्नी गुणवान हो तो उसके घर का नुकसान नही होता । बच्चे कितने भी बड़े हो जाएं माँ का प्रेम कभी उनके लिए कम नही होता बल्कि बड़े होने पर बच्चों का माँ के प्रति प्रेम आजकल कम होता जा रहा है । बताया कि लक्ष्मीनारायण भगवान का दर्शन करने से विवाह का योग आता है। उन्होंने कथा में शिक्षा देते हुए कहा कि भगवत, भगवान एवं गुरु का दर्शन कभी भी खाली हाथ नहीं करना चाहिए। पौष महीना भगवान को पाने का उत्तम साधन है।

हर गांव में खेल मैदान बनाने की योजना आखिर कहां हो गई गायब

हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा। केन्द्र सरकार कुछ वर्ष पूर्व शुरू की गई हर गांव मे खेल मैदान बनाने की योजना पायका के अंतर्गत यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो कागजों पर ही खेल मैदान बनकर तैयार होते हुये देखे जा रहे है, क्योंकि लगभग सात वर्ष पहले लागू हुई इस योजना के तहत अभी तक एक भी खेल मैदान नजर नही आ रहा है जो इस योजना से बनकर तैयार हुआ हो? जानकारी के अनुसार वर्ष 2008-09 मे केन्द्र सरकार द्वारा पंचायत युवा क्रीड़ा खेल अभियान पायका के तहत गॉवों मे खेल मैदान बनाने की योजना तैयार की गई थी, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों मे खेल गतिविधियों ओर खिलड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के निर्देश पर 5 हजार से अधिक की जनसंख्या वाले गॉवों मे खेल मैदान बनाए जाना था। सिखाऍगे खेल के गुर-चिन्हित ग्राम के सरकारी स्कूलों मे खेल मैदान तैयार किए जाने थे, जिनमे संविदा के आधार पर 500 रूपए प्रतिमाह पर एक प्रशिक्षक की भी नियुक्ति की होनी थी? इनकी नियुक्ति के लिए एक समिति के गठन का भी प्रावधान था, वही बताया जाता है कि इस समिति मे ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव और स्कूल के प्राचार्य शमिल होगे, इस प्रशिक्षक को क्रीड़ाश्री नाम दिया गया है। यह प्रशिक्षक मैदान बनने के बाद बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेलों के गुर सिखाने के साथ साथ विभागीय गतिविधियों को भी संचालित करेगा नही मिली राशि-10 वर्षीय इस योजना मे ग्राम पंचायत मे स्कूल खेल मैदान एवं सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्र सरकार द्वारा राशि आवंटित की जाएगी, जिसमे गठित कार्यकारी समिति खेल मैदान का निर्माण, खेल सामग्री, मल्टी जिम आदि पर व्यय करेगे, लेकिन इन सभी गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार से आवंटन प्राप्त नही हुआ है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2008-09 मे केन्द्र सरकार द्वारा पंचायत युवा क्रीडा खेल अभियान के तहत गॉवों मे खेल मैदान बनाने की योजना तैयार की गई थी जो ग्रामीण क्षेत्रों मे खेल गतिविधियों और खिलडियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के निर्देश पर हजार से अधिक की जनसंख्या वाले गांवों खेल मैदान बनाए जाना थे, मगर इस योजना की शुरूआत होते होते कई वर्ष निकल गया, मगर अनेक पंचायतों में अभी तक न तो खेल मैदान दिखाई दे रहे है और न ही जिम्मेदारों द्वारा किसी भी प्रकार की रूचि लेते हुये देखा जा रहा है, जिसके चलते यह जान पड़ रहा हे कि शायद यह योजना मात्र कागजों तक ही सिमट कर पूर्ण हो चुकी है।

गांव में कीचड़ का साम्राज्य, स्वार्णिम म.प्र. बनने की सपने पर लग रहा ग्रहण..?

गाडरवारा। जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र में बैठी सरकार द्वारा ग्रामों के विकास के लिए मनमानी धनराशि भेजकर उनकी सूरत बदलने की सोच बनाये हुए है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि धन राशि खर्च होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति नही बदल पाने के कारण जहां देश के मुखिया द्वारा देश को स्वच्छ बनाने के सपने पर पंचायतों में बैठे जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा ग्रहण लगाया जा रहा है? वही दूसरी ओर क्षेत्र की अनेक पंचायत की उदासीनता के चलते ग्रामवासियों को बदहाल स्थिति में जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है? बताया जाता है कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत में सड़को के निर्माण सहित अन्य कार्यो के लिए काफी मात्रा में धनराशि खर्च की गई है

बाबा ताजुद्दीन ओलिया की 26वीं धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर के निरंजन स्थित ताजुल औलिया बाबे रजा मदरसा में हुजूर ताजुल औलिया नागपुर की 26वीं धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बाबा ताजुल ओलिया के चाहने वाले श्रद्धालुजन न्याज फातेहा में शामिल हुए । बताया जाता है कि फातिहा में शरीक हुए लोगों ने ताजुल औलिया को याद किया ओर उनके बताए हुए मार्ग एवं आदर्शो पर चलने के साथ विशेष दुआ की गई। मदरसे में आयोजित कार्यक्रम में ताजुल औलिया बाबे रजा मदरसे के संचालक धार्मिक गुरु हाफ़जि जुबैर आलम साहब ने ताजुल औलिया की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये आध्यात्मिकता और सेवा कार्यों के बारे में जानकारी देकर सभी से सदमार्ग पर चलने को कहा, वही मदरसे के बच्चों ने कुरान की तिलावत करते हुये मोहम्मद साहाब की शान मे नातेपाक पढ़ी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर ताजुल औलिया के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उनके योगदान को सराहा फातिहा के बाद सभी लोगो ने लंगर में शरीक होकर सबाबे दारेन हासिल किया इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से एकता भाईचारे के साथ सद्भावना का संदेश दिया। इस अवसर पर ताजुल औलिया बाबे रजा मदरसे के संचालक हाफ़जि जुबैर आलम,जामा मस्जिद प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, पूर्व सदर मेहमूद पहलवान, हाजी सैयद क़ासिम अली, हसीब खान, सैयद नायाब अली, हसनी हुसैन सोसाइटी अध्यक्ष राज ताजी, शाहनवाज़ ताजी, इमरान ताजी, एहफ़ाज़ ताजी, शेख सलमान, अफ़ज़ल खान नौशाद अशरफी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने वाटर शेड के कार्यों की समीक्षा बैठक की

डिंडौरी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज वाटरशेड के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने वाटरशेड के प्रचलित कार्यों की जानकारी लेते हुए वृक्षारोपण के लिए की चल रही तैयारियों की समीक्षा की। वृक्षारोपण के लिए ऐसे स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। जहाँ पर जल आपूर्ति निर्बाध रूप से उपलब्ध हो सके, उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के तहत लगाए पौधों का प्रबंधन करना जरुरी है, जिससे वृक्ष की आयु लम्बी हो सके, इस कार्य में वन विभाग और कृषि विभाग के साथ समन्वय के साथ कार्य करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जल संरक्षण के लिए कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाटरशेड क्षेत्रों जैसे तालाब, चेकडेम आदि का निरंतर निरिक्षण करने के निर्देश दिए। तालाब से संबंधित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे वर्षा जल का संचयन किया जा सके।

मदर टेरेसा चिकित्सालय में आज आयोजित होगा स्वास्थ्य शिविर

डिंडौरी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 08 मई 2024 को रेडक्रास दिवस के अवसर पर आर.बी.एस. के. कार्यक्रम अंतर्गत स्क्रीनिंग के माध्यम से चिन्हित सिकल सेल, मूक बधिर, श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित, स्पीच थैरेपी के लिये "मदर टेरेसा चिकित्सालय डिण्डौरी" मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक किया जाना है। उक्त शिविर मे चिकित्सा सेवायें प्रदान करने हेतु निम्नानुसार चिकित्सकोंध्पैरामेडिकल स्टॉफ को तत्काल प्रभाव से आदेशित किया जाता है। जिला चिकित्सालय से डॉ. अमित द्विवेदी, चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ. दिलीप रंगारे निश्चेतना विशेषज्ञ, डॉ. मिनी मौरवी नेत्र विशेषज्ञ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमपुर से डॉ. प्रकाश सिंह ठाकुर ई.एन.टी. को आदेशित किया गया है।

फोटोग्राफी में हुनर दिखाने का अवसर

डिंडौरी। जिला प्रशासन डिंडौरी के द्वारा 12 मई 2024 ष्मदर्स डेष के लिए प्रतिबिंब के पहले संस्करण के तहत ष्माईष को समर्पित फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल से फोटोग्राफर्स को फोटोग्राफी में अपना हुनर दिखाने का अवसर सुनहरा अवसर मिलेगा। मदर्स डे पर जमा की गई फोटो की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। यह फोटोग्राफी प्रतियोगिता, मां की ममता, मातृत्व, वात्सल्य की मूर्त और आंचल को समर्पित रहेगी। इस प्रतियोगिता में हर वर्ग के महिला पुरुष भाग ले सकते हैं। माई को समर्पित फोटोकॉपी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्वयं के द्वारा खींची गई फोटो कैप्शन साथ ।4 साइज में प्रिंट करा हार्डकॉपी जिला जनसंपर्क कार्यालय डिंडोरी में 11 मई 2024 को दोपहर 2रू00 तक जमा की जा सकती है। एक फोटोग्राफर अधिकतम तीन फोटो की जमा कर सकते हैं। इन जमा की गई फोटो में सर्वश्रेष्ठ फोटो का चयन जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित ज्यूरी द्वारा किया जाएगा। ज्यूरी द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ फोटो पर संबंधित फोटोग्राफर को कलेक्टर श्री विकास मिश्रा द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतिभागी उक्त प्रतियोगिता के बारे में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9302817582, 9644103110 पर कॉल कर सकते हैं।

अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोतमा। कोतमा/ थाना अंतर्गत गोहंड्रा गांव में 38 वर्षीय अंधेड ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 7 मई मंगलवार को थाने में सूचना आई की गोहांड्रा गांव निवासी फूल सिंह पिता बाबूलाल चौधरी उम्र 38 वर्ष ने सुबह 6 से 7 बजे के बीच घर की परछी में लकड़ी की बल्ली मैं साड़ी के फंदे से जुड़कर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने बताया कि उसकी पत्नी लगभग 15 दिनों से अपने मायके कोठी में रह रही है मृतक शराब पीने का आदी था। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए पंचनामा तैयार कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणो की जांच कर रही है ।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसो. की बैठक में लिये निर्णय

9 जून को संगठन के चुनाव का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रान्तीय सचिव सह जिलाध्यक्ष राम गोपाल तिवारी जिला प्रवक्ताद्वय अनिल श्रीवास्तव, केशव प्रसाद पाण्डेय जिला कार्यकारी अध्यक्ष विनोद अवधिया जिला महामंत्री राम मूरत सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षित सह कोषाध्यक्ष गुरु प्रसाद मिश्रा जिला सचिव संदीप चैरसिया जिला उपाध्यक्ष श्रीमती भागवती मरकाम द्वारा जारी संयुक्त प्रेस नोट के अनुसार विगत दिवस जिला वरिष्ठ सलाहकार माननीय मथुरा प्रसाद धुर्वे की अध्यक्षता तथा संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी, सलाहकार माननीय डी पी शुक्ला तथा तहसील शाखा संरक्षक द्वय शिव कुमार तिवारी (शहपुरा) एफ एस मरावी (बजाग) के आतिथ्य में जिले के लगभग 50 प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित तहसील अध्यक्ष द्वय आर एस गुरु देव (शहपुरा) बी एम पाण्डेय (बजाग) ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर (डिंडोरी),लोकसिंह धुर्वे (करंजिया) केदार प्रसाद पाण्डेय (समनापुर) डुमारी लाल यादव (शहपुरा) कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन सिंह नायक के अनुसार बैठक में संगठन के निर्वाचन के संबंध में विस्तृत चर्चा के उपरांत सर्व सम्मति से दिनांक 9 जून रविवार को आनंद दीदी कैफे में निर्वाचन अधिकारी के रूप में श्री शांति लाल जी बिश्नोई तहसील दार, बजाग तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष माननीय श्री यशवंत यादव तथा संगठन की ओर से जिला सचिव संदीप चैरसिया का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन अधिकारी के रूप में श्री बिश्नोई से मोबाइल पर सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। निर्वाचन हेतु सदस्यता अभियान की अंतिम तिथि 31 मई 2024 निश्चित की गई। इसके पूर्व समस्त तहसीलध ब्लाक अध्यक्ष अपने स्तर पर बैठक आहूत कर निर्वाचन संबंधी जानकारी अपने सदस्यों को अवगत कराते हुए मतदाता सूची हेतु सूची अंशदान सहित जिला सचिव संदीप चैरसिया जी के पास 2 जून तक अनिवार्यतः जमा करने का कष्ट करें ताकि समय सीमा में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 जून तक अनिवार्यतः किया जा सके। जिलाध तहसीलध् लाक अध्यक्ष हेतु अभ्यर्थी के साथ ही प्रस्तावक एवं समर्थक का संगठन का आजीवन सदस्य के साथ ही विगत एक वर्ष से संगठन में सक्रिय होना आवश्यक है। बैठक में लिए गए अन्य निर्णय के अनुसार 30 जून तथा 31 दिसंबर को सेवा निवृत्त होने वाले पेंशनरों को वार्षिक वेतन वृद्धि के लाभ तथा सेवा निवृत्त शिक्षकों के अर्जित अवकाश तथा श्री महेन्द्र यादव (शहपुरा) एवं श्री संतोष कुमार पाठक (करंजिया) के प्रकरणों के संबंध में जिला शाखा का शिष्टमंडल जिला कोषालय अधिकारी तथा जिला पेंशन अधिकारी से प्रत्यक्ष मुलाकात कर प्रकरण का निराकरण का प्रयास किया जाए। बैठक में उपस्थित संभागीय उपाध्यक्ष श्री अवस्थी द्वारा माननीय न्यायालय से अपनी आयु के 80 वर्ष के प्रारंभ होते ही पेंशन वृद्धि के लाभ के लिए बधाई दी गई।बैठक में सम्मिलित एजेंडा के अनुसार संगठन द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में विकास खण्ड संरक्षक डिंडोरी माननीय पुरूषोत्तम शुक्ला तहसील सचिव प्रेम लाल झारिया के साथ ही विभिन्न विकास खण्डों से पधारे साथी ओमप्रकाश तिवारी, मुकेश मरकाम, बी एल यादव,टीका राम पेन्दरो, अंगद राम मरावी,ए एस तेकाम, ओंकार दासमिथिलेस की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बैठक का शुभारंभ उपस्थित सदस्यों के परिचय के साथ ही शहपुरा विकासखण्ड से नवागत सदस्य अशोक गिरि स्वामी का जिला शाखा की ओर से हार्दिक सम्मान किया गया। बैठक के अंत में कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा भीषण गर्मी में सुदूर करंजिया,बजाग, शहपुरा, अमरपुर एवं समनापुर से उपस्थित सदस्यों के प्रति जिला शाखा की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

समनापुर में 11 मई से 11 जून तक आयोजित होगा संस्कार समर कैंप

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जिला प्रशासन डिंडोरी द्वारा अभिनव पहल पर नवीन पंचायत भवन समनापुर में 11 मई से 11 जून 2024 तक ष्संस्कार समर कैंपष का आयोजन किया जाएगा । इस कैंप में बच्चों को जीवन कौशल, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक और विविध अनुभव हेतु सुरक्षित वातावरण में मनोरंजन के साथ विशिष्ट कौशल को निखारने का अवसर मिलेगा। ष्संस्कार समर कैंपष का समय प्रतिदिन सुबह 9 से 11.30 बजे तक रखा गया है, इस हेतु बच्चों को आयु सीमा 9 वर्ष से 15 वर्ष रखी गई है। कैम्प में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों का पंजीयन 10 मई तक किया जा रहा है, जिसका पंजीयन शुल्क 200 रुपए निर्धारित है।

संस्कार समर कैंप में बच्चों के लिए विभिन्न विधाएं शामिल की गई है, जिसमें डांस, मेंहदी, पेंटिंग, क्रॉफ्ट, कबाड़ से जुगाड, लेखन - हिंदी अंग्रेजी, स्पोकन इंग्लिश, योगा, एरोबिक, पर्सनालिटी डेवलपमेंट शामिल है। विद्यार्थी कोई भी चार विधाओं में भाग ले सकते हैं।

झोपड़ी में आग लगने से दिव्यांग मासूम की मौत

पीड़ति परिवार की मदद करने पहुंचे अधिकारी कर्मचारी और ग्राम के सरपंच

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।

पुलिस थाना मेंहदवानी के अन्तर्गत ग्राम भुरका के बैगान टोला में सोमवार को लगभग 5 बजे घटित हृदयविदारक घटना जिसमें खेत में बने झोपड़ीनुमा घर में अज्ञात कारणों से लगी आग में जलकर दिव्यांग मासूम चंदन सहित दो मवेशियों की मौत और गृहस्थी का सामान खाक होने के बाद मंगलवार को पीड़ति परिवार से मिलकर नायब तहसीलदार सुखमन सिंह कुलेश,खंड पंचायत अधिकारी के एल झारिया, सहायक यंत्री एच एस परस्ते एवं ग्राम पंचायत भुरका की सरपंच के द्वारा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और कपड़े, बर्तन, एक क्विंटल अनाज तथा 2 हजार 5 सौ रुपए नगद की तत्कालिक सहायता प्रदान किया। वहीं ग्राम पंचायत द्वारा आर्थिक मदद करने की कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तरह राजस्व विभाग द्वारा 6-4 की कार्यवाही कर सहायता राशि प्रदान करने पीड़ति परिवार से आवश्यक दस्तावेज लिए गए हैं।

तीन माह से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नाबालिग लड़की को बहलाकर भगा ले जाने व बलात्कार का आरोप

अनूपपुर।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिह पवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा बलात्कार के तीन माह फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 17/02/24 को थाना कोतवाली में ग्राम कांसा से नाबालिक बालिका के गुमने की रिपोर्ट परिजन द्वारा कराया गया फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली में अप.क्र. 86/24 धारा 363 ताहि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना की गई दौरान विवेचना पर अपहर्ता 29/02/24 को दस्तयाब हुई दस्तयाबी पश्चात अपहर्ता ने बताई कि सुनील चौधरी पिता भैयालाल चौधरी निवासी कांसा का बहला फुसलाकर रायपुर ले जाना व बलात्कार करना बताई एवं आरोपी के पिता द्वारा भी अपराध में सहयोग करना बताई। प्रकरण में आरोपी सुनील चौधरी पिता भैयालाल चौधरी ग्राम कांसा घटना दिनांक से फरार चल रहा है तथा अपराध में सहयोग करने पर 03/03/24 को आरोपी के पिता भैयालाल को गिरफ्तार किया जाकर जेल भिजवाया गया। प्रकरण में मुख्य आरोपी फरार होने पर प्रकरण में धारा 173(8) जाफौ. के तहत चालान तैयार किया जाकर मान्नीय न्यायालय अनूपपुर के समक्ष पेश कराया गया है। दिनांक 06.05.2024 को अप.क्र. 86/24 धारा 363, 366, 376(2) (एन), 368 ताहि के फरार आरोपी सुनील चौधरी पिता भैयालाल चौधरी निवासी कांसा की जरिये मुखबिर सूचना मिली कि आरोपी सुनील चौधरी पिता भैयालाल चौधरी ग्राम कांसा में दिखा है। थाना प्रभारी अरविंद जैन के नेतृत्व में उप निरी दयावती मरावी, प्रधान आरक्षक रितेश सिंह के द्वारा आरोपी सुनील चौधरी पिता भैयालाल चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी कांसा को ग्राम कोंड़ा में भारत यादव के घर के पास आम रोड में घेराबंदी कर पकड़ा गया। प्रकरण में आरोपी का मेडिकल परीक्षण कर माननीय न्यायालय अनूपपुर के समक्ष पेश किया जायेगा। प्रकरण में आरोपी घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अरविंद जैन, उपनिरीक्षक दयावती मरावी, प्रधान आरक्षक रितेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक पखवाड़े से बंद स्ट्रीट लाइट, राहगीर हो रहे परेशान

कोतमा।

नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 07 बुढानपुर रोड में मुख्य मार्ग में लगभग 8 से 10 बिजली के पोल में लगी स्ट्रीट लाइट लगभग 15 दिनों से बंद पड़ी हुई है एवं वार्ड क्रमांक एक अटल चौपाटी के आगे अंडर 20 तिराहे में लगी हाइलोजन लाइटे भी बंद है। जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंडर ब्रिज तिराहा यह मुख्य मार्ग में रेस्ट हाऊस रोड विकाश नगर भालूमाडा जमुना कॉलोनी गोविंदा गांव एवं कॉलेज की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग है और इसी मार्ग में 24 घंटे लोगों का आना-जाना बना रहता है। इस तिराहे में छोटे-मोटे दुकानदारों के द्वारा दुकान भी लगाई जाती है। स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण आसपास के रहवासियों एवं आवागमन करने वाले लोगों को मुख्य सड़क पर घुप्प अंधेरा होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह ज्योति पेट्रोल पंप के आगे से बुढानपुर गांव जाने वाले मार्ग में कृषि उपज मंडी के पास से राष्ट्रीय राजमार्ग तिराहा तक लगभग 15 दिनों से बिजली के पोलो में लगे लगभग 8 से 10 स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है जबकि यह मुख्य मार्ग है और 24 घंटे लोगों का आना-जाना बना रहता है इसके साथ ही शाम होते ही महिलाएं एवं पुरुष इश्क मार्ग में घूमने के लिए जाते हैं। मुख्य सड़क पर निवास करने वाले नागरिकों का कहना है कि अंधेरा होने के कारण चोरों एवं कई प्रकार से जंगली जानवरों के आने का खतरा भी बना रहता है जिसके कारण हम परेशान रहते हैं। मुख्य मार्ग में लगे बिजली के खभों की स्ट्रीट लाइट आज 15 दिनों से बंद पड़ी हुई है हम लोगों के द्वारा कई बार नगर पालिका में जानकारी भी दी गई। नगर पालिका के कर्मचारियों की उदासीनता के कारण वर्तमान में नगर पालिका में यह हाल है कि अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत चरितार्थ हो रही है।

अनूपपुर सहित चार स्टेशनों मे मिली क्यूआर कोड की सुविधा

अनूपपुर। डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्रियों को टिकट के लिए लाइन लगने की परेशानी से निजात दिलाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में

ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। इसी कड़ी में टिकट काउंटरों से अनारक्षित टिकट खरीदने वाले यात्रियों को चिल्हर की समस्या से निजात दिलाने तथा डिजिटल भुगतान की सुविधा को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिलासपुर स्टेशन के टिकट काउंटर नं 07 पर टिकटों के भुगतान हेतु क्यूआर कोड की सुविधा प्रायोगिक रूप से उपलब्ध कराई गई थी। इस सुविधा का यात्रियों से बेहतर रिस्पांस मिलते ही इसका विस्तार बिलासपुर के सभी अनारक्षित टिकट काउंटरों में क्यूआर कोड की सुविधा डीडीआईएस में किया गया है साथ ही शहडोल, अम्बिकापुर व अनूपपुर स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटरों पर भी डीडीआईएस में क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि क्यूआर कोड, यूपीआई, एटीवीएम व यूटीएस ऑन मोबाइल एप से यात्रियों को बिना लाइन लगे त्वरित टिकट मिलने के साथ ही आसान डिजिटल भुगतान की सुविधा तो मिल ही रही है ।

खदानों में नहीं मिल रहा पीने का पानी

एसईसीएल मैनेजमेंट की बैठक में यूनियनों ने किया विरोध

बदरा/जमुना।

कोल इंडिया की सहायक एसईसीएल जिसे मिनी रत्न व महारत्न का दर्जा प्राप्त है जहां एक और कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिये एसईसीएल मजदूर खदानों में बिना शुद्ध पानी पिए अपना खून पसीना बहा रहे है और एसईसीएल का नाम कोल इंडिया में रोशन कर रहे है। कोयला ऊर्जा का प्रमुख सोत्र है और कोयला देश के विकास में मेरुदंड की भूमिका निभाता है लेकिन उस कोयले को प्रकृति के विरोध में जाकर धरती का सीना चीर कर कोयला निकाल कर लाने वाले श्रमवीर 8 घंटे कैसे पीने के लिए पानी के मोहताज होकर लगातार कार्य करते हैं।

खदानों में नहीं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

जिले के जमुना कोतमा क्षेत्र में एसईसीएल कंपनी संचालित है जिसमें यहां सात इकाई संचालित है जिसमें अंडरग्राउंड तथा ओपन कास्ट सम्मिलित है खदानों में लगभग 24 सौ एसईसीएल मजदूर तथा 1 हजार ठेकेदार मजदूर कार्यरत है। जिनके ऊपर प्रतिदिन लगभग 7 से 8 हजार टन कोयला उत्पादन की भूमिका रहती है इसके विपरीत एसईसीएल खदानों में मजदूरों कर्मचारियों को इन दोनों भारी गर्मियों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है ज्यादातर मजदूर अपने घर से पीने का पानी लेकर आते हैं और दिन भर कोयले के उत्पादन में भूमिका निभाते हैं।

बिन पानी सब सून कैसे हो उत्पादन

जल अमृत है, जल पवित्र है। समस्त जीवों का, वनस्पतियों का जीवन व विकास -सब कुछ जल पर ही टिका है। पानी पर बात करते हुए ऐसे वाक्य केवल भावुकता के कारण नहीं लिखे जाते बल्कि यह जीवन का मूलभूत सत्य है कि बिन पानी सब सून परंतु जमुना कोतमा क्षेत्र के जीएम ऑफिस केबिनेट बैठे अधिकारियो को बाकायदा आरो ,बिसलेरी पानी की शुद्ध व्यवस्था है उसके विपरीत क्षेत्र में संचालित खदानों में मजदूरों को शुद्ध पानी पीने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जिस सवाल यह उठता है कि बिना शुद्ध पानी पिये कार्य कर रहे मजदूरों को क्षेत्र में कैसे कोयल का उत्पादन करेंगे हालांकि यह मामला गर्मी शुरू होने से पहले कई दिनों से क्षेत्रीय नेताओं के द्वारा प्रबंधन को अवगत कराया गया परंतु आज तक प्रबंधक गहरी निंद्रा में लीन है।

एसईसीएल मैनेजमेंट की बैठक में यूनियनो का विरोध

जमुना कोतमा क्षेत्र एसईसीएल जीएम ऑफिस मे खदानों में मजदूरों के पेयजल समस्या को लेकर एसईसीएल प्रबंधक हरजीत सिंह मदान की अध्यक्षता में जिसमें सभी एरिया के अधिकारी और मजदूर यूनियनो की बैठक जीएम ऑफिस में की गई जिसमें मजदूर नेताओं ने खदानों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराने की मांग की गई प्रबंधक के द्वारा पेयजल की व्यवस्था को लेकर टाल मटोल किया जा रहा था।

खबर संक्षेप

नहाने के दौरान डूबने से व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले के स्टेशन गंज थाना अंतर्गत खमरिया निवासी राम पिता नर्मदा प्रसाद धानक उम्र 27 वर्ष अपने दोस्तों चंद्रप्रताप , शैलेन्द्र, मोहित,नितेश के साथ पार्टी करने गया हुआ था जहां शेड़ नदी में नहाने के दौरान डूब गया वहीं दोस्तों ने उसे बाहर निकाला और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया वही शव को शव गृह में रखवाया गया जहां आज परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

युवती ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर । गत दिवस युवती द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र कोतवाली अंतर्गत भटिया टोला निवासी इकरा पिता शेख समीर उम्र 20 वर्ष द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

सड़क दुर्घटना मे महिला घायल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेंशनगंज मे हुई सड़क दुर्घटना मे महिला घायल हो गई । पुलिस ने बताया कि नंदिनी पटेल पति संजय पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी मुराछ थाना ठेमी सड़क दुर्घटना में घायल हो गई जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

व्यक्ति ने खाया जहर, मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । गत दिवस खेत काम करने गये व्यक्ति द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस ने बताया कि अशोक पिता खीर सिंह पटैल उम्र 45 वर्ष निवासी बम्हौरी थाना कोतवाली अपने खेत काम करने के लिये गया हुआ था जहां पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का परीक्षण हेतु रखवाया गया ।

श्रीमती कमलाबाई चौरसिया का निधन

हरिभूमि न्यूज - करेली । नगर के प्रतिष्ठित नागरिक सीताराम चौरसिया ₹मामू₹ की माताजी श्रीमती कमलाबाई चौरसिया का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम करेली में किया गया।

व्यक्ति ने घर पर लगाई फाँसी, मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। थाना कोतवाली अंतर्गत निवारी चौकी के ग्राम ग्वारी निवासी महेश पिता नेतराम ठाकुर उम्र 52 वर्ष ने अपने घर पर अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां पर कुछ दिन उपचार के बाद बुधवार को मौत हो गई । जिसकी सूचना पुलिस को दी गई । पुलिस ने मर्ग प्रकरण कायम कर पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

घाट पिंडरई रेलवे ब्रिज के पास मिला अज्ञात शव

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। स्टेशनगंज थाना अंतर्गत घाट पिंडरई ब्रिज के पास रेलवे ट्रेक पर क्षत विक्षत अवस्था में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना रेलवें विभाग से स्टेशन गंज थाना पुलिस को मिली मौके पर पुलिस पहुँची और रात अधिक होने से शव को जिला अस्पताल के शव गृह में रखवाया और सूचना के आधार पर मर्ग कायम किया सुबह पंचनामा कार्यवाही किया गया वहीं अज्ञात होने के कारण पुलिस ने जिला सम्बंधित थानों में सूचना दी जिससे उसकी जानकारी हो सके।

जनप्रतिनिध नहीं ले रहे सुध, मटमैला पानी पीकर चला रहे गुजारा

पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सरकार द्वारा लोगो को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने के सैंकड़ो वादे किये जा रहे है लेकिन लोगो को बेहतर सुविधायें नही मिल पाती है । ऐसा ही मामला गोटेगांव क्षेत्र के ग्राम खापाव लोहार से आई जिसमे ज्ञात होता है कि हर साल नल-जल योजना के नाम पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गर्मी आने के पहले कई लाख रुपये का बजट खर्च करता है, लेकिन गांव की नल-जल योजना के हालात जस के तस रहते हैं। जिसके चलते आमजनों को पीने के पानी के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। कुछ ऐसे ही हालात वर्तमान में गोटेगांव से महज कुछ ही किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत खापा के ग्राम लोहार में देखे जा रहे है। यहां पानी की इतनी भीषण समस्या है, कि लोग दूरस्थ क्षेत्र से पीने का पानी ढोने मजबूर है।

पीने के पानी की किल्लत

यहां पर हालात बहुत बुरे है, पानी के लिए जहां लोगों को रात भर

जागना पड़ता है, वही सुबह होते ही पानी की तलाश में लोग अपना जरूरी काम-काज छोड़कर जुट जाते है। सबसे बुरी दशा महिलाओं की होती है। गांव की महिलाओं को पानी के लिए दो किमी का सफर तय करना पड़ता है। गढ्डा खोदकर महिलाओं द्वारा पीने व निस्तार के लिए पानी बर्तनों में भरकर भारी भरकम, वजन सिर पर रखकर पानी लाने की मजबूरी होती है। गांव के किसानों को भी अपने खेत की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल वालों से पानी खरीदना पड़ता है और बदले में खेत मालिक को 200 रुपये महीने देना पड़ते हैं।

गड्ढे के पानी से हो रहा गुजारा

ग्राम लोहार में पानी की समस्या विकराल है। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम वासियों किसी प्रकार की सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है, ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी किसी प्रकार की सुध नहीं ले रहे हैं, कई बार हम लोगों द्वारा चंदा कर मोटर का सुधार कार्य कराया गया। लेकिन पंचायत द्वारा किसी प्रकार की सहायता ग्रामवासियों को नहीं की गई, ग्रामीणजनों की समस्या उस समय और बढ़ गई, जब यहां पर स्थित जलाशय पूरा सूख गया है। हालत ये है, कि लोग गढ्डा खोदकर पानी निकालकर उसका निस्तार करने विवश है। वही कुछ लोग पैसा देकर पानी खरीदकर अपना गुजारा कर रहे है।

जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे है सुध

ग्रामीण बताते हैं, कि ग्राम में बुनियादी सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिलता। योजनाओं के लाभ से वह वंचित रहते हैं। सड़क, बिजली, पानी और इलाज के लिए तो उन्हें मुश्किलें झेलना पड़ती है। गांव के लोगों का कहना है, कि उनके इलाके में तो चुनाव के वक्त ही नेता आते है और लोगों से इस समस्या को हल करने का आश्वासन देकर उनका कीमती वोट प्राप्त करते है और फिर इसके बाद पांच साल तक इस ओर दिखाई भी नहीं पड़ते है। गावं मे होने वाली पानी की समस्या पर किसी का ध्यान नही जा रहा और लोगो को मटमैला पानी पीने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है ।

पैसे लेकर लिखा इकरारनामा, बैनामा कराने से मुकरा कोटवार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर अपनी आप बीती सुनाई जिसमे महिला द्वारा बताया गया कि दो वर्ष पहले बगदरा गांव के ग्राम कोटवार से उसकी जमीन का सौदा तय किया और ग्राम कोटवार ने इकरारनामा लिखकर पैसे भी ले लिए। कुछ दिन बाद जब महिला ने ग्राम कोटवार से बैनामा लिखने के लिए कहां तो ग्राम कोटवार की नियत बदल गई और उसने जमीन देने से इंकार कर दिया। महिला ने इस मामले की शिकायत मंत्री और पुलिस को की तो ग्राम कोटवार महिला को शिकायत उठाने के लिए डराने धमकाने लगा। गाडरवारा के कोडिया गांव की निवासी सरोज महोविया ने एसपी कार्यालय में शिकायती आवेदन देते हुए बताया की बगदरा गांव में ग्राम कोटवार प्रीतम मेहरा ने बगदरा मौजा में खसरा 276 व 206/8 की 1 एकड़

25 डिसमिल सिंचित भूमि विक्रय करने का प्रीतम मेहरा ने तीन लाख रुपये में सरोज महोविया से 18 जुलाई 2022 को किया था और सरोज से सौदा तय कर 27 जुलाई 2022 को इकरारनामा भी लिखवाया था। प्रीतम मेहरा ने सौदा तय होने के बाद गवाहों के सामने दो लाख पचासी हजार रुपए लिए और शेष राशि देकर बैनामा लिखने की बात कही लेकिन जब बैनामा लिखने के लिए सरोज बाई प्रीतम मेहरा के पास गई तो प्रीतम की नियत बदल गई और उसने सरोज के साथ दुर्व्यवहार शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दे डाली। मामले पर कार्रवाई के लिए सरोज बाई ने एसपी को आवेदन दिया और कार्यवाही की मांग की। सरोज बाई ने बताया की इस संबंध में दिनांक 04 अप्रेल 2024 को एसपी को आवेदन दिया था, जिसकी जानकारी प्रीतम को होने के बाद वाह सरोजबाई को डरा धमका रहा है, और रिपोर्ट उठाने दबाव बना रहा है। सरोज महोबिया ने कहा कि उन्होंने ग्राम कोटवार प्रीतम कि शिकायत गाडरवारा विधायक और कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह से भी की थी ।

नरसिंहपुर: तेंदूखेड़ा समीपी ग्राम बंधा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान श्री संजय शर्मा कथा श्रवण करने पहुंचे। श्रीमद्भागवत महापुराण का पूजन अर्चन कर कथा व्यास सुश्री कंचन द्विवेदी जी से आशीर्वाद ग्रहण किया।

महादेव पिपरिया में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन और सहयोग क्रीड़ा मंडल के द्वारा लगातार नर्मदा नदी के घाटों पर साफ सफाई को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया जाता हैं। जिसके तहत नरसिंहपुर जिला मुख्यालय में नर्मदा नदी के महादेव पिपरिया घाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया और घाट में फैले कचरे की साफ सफाई की गई वही इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि नर्मदा नदी के घाटों पर स्वच्छता बनाए रखे ये हम सबकी जिम्मेदारी है। वही वही इस दौरान मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन एवं सहयोग क्रीड़ा मंडल के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

बाल विवाह की सूचना देने कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेर्शानुसार 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह हेतु सूचना प्रदान करने के लिए वन स्टाप सेंटर नरसिंहपुर के कार्यालय में 8 मई से 10 मई तक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07792- 2350042 है। उक्त कंट्रोल रूम में बाल विवाह से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही के लिए संबंधित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को सूचित किया जायेगा। उक्त कंट्रोल रूम के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश के अनुसार पर्यवेक्षक वन स्टाप सेंटर श्रीमती शशि किरण श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे वन स्टाप सेंटर के स्टाफ की सहायता से कंट्रोल रूम का संचालन करेंगी। कंट्रोल रूम में प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक सामाजिक कार्यकर्ता डीसीपीयू अम्रता दुबे, अपरान्ह 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक सामाजिक कार्यकर्ता डीसीपीयू श्री प्रवीण डेहरिया और रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक आउटरीच वर्कर डीसीपीयू अंकुर नेमा को कंट्रोल रूम संचालन में सहयोग के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज से



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कल्चुरी समाज द्वारा नित नए आयोजन देर सबेर किए जाते रहे हैं। इसी श्रृंखला के अंतर्गत कल्चुरी कलार समाज के दो बेटे आधुनिक युग के श्रवण कुमार बनने जा रहे हैं जो अपने पूज्य माता पिता की सदैव सेवा करते रहे हैं। बैलहाई गोटेगांव निवासी नीतेश राय, नीलेश राय एवं ये दोनों बेटे अपने पूज्य पिता स्व. भरत राय की स्मृति में आज 8 मई से 15 मई तक भागवत कथा का रसपान भक्तों को कराएंगे। श्रीमद भागवत कथा का भक्तों को रसपान आचार्य पंडित धर्मेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा कराया जाएगा।

ड्रोन खरीदने के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में प्रत्येक विकासखंड के लिए इंडियन फार्मर फर्टिलाईजर कंपनी द्वारा ड्रोन के साथ इलेक्ट्रिक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप संचालक कृषि उमेश कटहरे ने बताया कि कृषि क्षेत्र में ड्रोन संचालन के लिए ड्रोन पायलट के वैध लायसेंस को रखने की वाध्यता रखी गई है। कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय द्वारा किसान ड्रोन क्रय पर अनुदान प्राप्त करने के आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।अनुदान योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत श्रेणी के कृषक/ कस्टम हायरिंग केन्द्र सचालक/ कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) श्रेणियों के अंतर्गत इच्छुक कृषक/ केन्द्र संचालक/ सस्था ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ धरोहर की राशि 5 हजार रुपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं ड्रोन पायलट के वैध लायसेंस अपलोड करना अनिवार्य होगा।

पुस्तक मेले का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार व कलेक्टर के मार्गदर्शन में पुस्तक मेले का आयोजन 8 मई को सुबह 11 बजे से एमएलबी स्कूल नरसिंहपुर में किया जायेगा। एपीसी यजुवेंद्र सिलावट ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में क्रय किये जाने वाले पुस्तकें, यूनिफार्म, कॉपी, स्टेशनरी आदि उचित मूल्य पर सुलभ हो। प्रत्येक जिले में एक उपयुक्त स्थान पर तीन दिवसीय पुस्तक मेला यथाशीघ्र आयोजित किया जाये। मेले में पुस्तकों के प्रकाशकों, स्थानीय पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेताओं सह शैक्षणिक सामग्री तथा यूनिफार्म विक्रेताओं को आमंत्रित किया जाये। पुस्तक मेले में उपरोक्त सामग्रियों की उपलब्धता के बारे में अभिभावकों एवं छात्रों को सूचित किया जाये। लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए वर्तमान में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। अतः इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो।

ठेकेदारों की चल रही है मनमानी

अधिकारियों की उदासीनता के चलते अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पा रही नल जल योजनायें

तेंदूखेड़ा- जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना के चलते सरकार ने भले ही करोड़ों रुपए के टेंडर जारी किये, और ठेकेदारों द्वारा भी ठेका लेकर पेटी पर काम देकर ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजलापूर्ति को लेकर जो स्थिति निर्मित कर रखी है उससे संपूर्ण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को लेकर गंभीर स्थिति बनी हुई है। जर्जर टूटी फूटी लाइनों गुणवत्ताहीन पेयजल सप्लाई लाइनों टंकियों से पेयजल की आपूर्ती ना होना तो ट्यूबेल के गड्ढे खनन करके वर्षो से आगे कोई निर्माण ना होना जैसी विभिन्न प्रकार की विसंगतियां इस संपूर्ण विकासखंड क्षेत्र मे देखने को मिल रही है। और इस विषय को लेकर जब विकास खंड स्तर पर पी एच ई विभाग के अधिकारियों से चर्चा या जानकारी मांगी जाती है तो गोलमाल जबाब देने के साथ बात या जानकारी देने से बचते हुए नजर आते हैं या फिर फोन नहीं उठाते है।

नलों से पानी आने का हो रहा है इंतजार

चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत उमरपानी के ग्राम जैतपुर मे पेयजल की समस्या कोई आज की समस्या नहीं है। विगत एक दशक से यहां के वासिंदों द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक अपनी बात रखी लेकिन आज भी यहां के लोग नलों से पानी आने का इंतजार करते हुये देखे जा रहे है। स्थिति यह बनी हुई है कि यहां पर एक ट्यूबेल खनन कराया गया है और विद्युत ट्रांसफार्मर भी रख दिया गया है। लाइन बिछाकर स्टैंड पोस घरों के सामने खड़े कर दिये गये है। लेकिन पिछले 6 महिने से यह स्टेंड पोस केवल सोभा की सुपारी बने हुये है। ग्राम के लोगों द्वारा जब सामूहिक रूप से शिकायत की जाती है तो अधिकारी पंहुचकर केवल आश्वासनों के झूठे सब्जबाग देकर बच निकलते है। वर्तमान मे यहां के लोग खेतों मे बनी ट्यूबेल और कुओं से पानी भरने के लिये मजबूर है और मवेशियों को भी वहीं पर ले जाकर पानी पिलाकर स्वयं का निस्तार कर रहे है।

केसिंग डालकर भूल विभाग

इसी विकासखंड के अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा यहां पर एक ट्यूबेल का खनन कराया था जिसमें केवल केसिंग डालकर आगे की व्यवस्था आज तक शुरू नहीं हो सकी है। लगभग 44 लाख रू. की लागत से यहां पर पेयजल सप्लाई के माध्यम से घर घर पानी पंहुचाना था लेकिन गांव के लोगों द्वारा पानी का इंतजार किया जा रहा है। अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही शुरू नहीं हो सकी है।

पानी की टंकी बनी लेकिन सप्लाई नहीं हो सकी शुरू

ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत रम्पुरा के अंतर्गत घुघरी ग्राम मे देखने को मिलता है। जहां 2 वर्ष पूर्व लगभग 50 लाख रू. की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था लेकिन सबसे बड़ी विसंगती यह है कि इस टंकी से अभी तक पानी की सप्लाई ही शुरू नहीं हो सकी है। घरों के सामने स्टेंड पोस को खड़े कर दिये गये है लेकिन पानी कब तक आयेगा यह कहा नहीं जा सकता। इसी तरह से ग्राम पंचायत करहैया बारहा झिरी गांव मे नल जल योजना के तहत पानी पंहुचाने का उद्देश्य आज तक पूर्ण नहीं हो सका है। संबंधित ठेकेदारो की चल रही मनमानी और विभागीय अधिकारियों की मिली भगत के चलते इन योजनाओं को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है। विकासखंड के अंतर्गत अनेकों गां की लगभग यही स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण पेयजल को लेकर परेशान देखे जा रहे है फिर भी कोई उचित पहल ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।